तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 गोठान का होगा जीर्णोद्धार चालू होगा बायो गैस संयंत्र



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**कोरबा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार 30 जुलाई की दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर समीक्षा एवं आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा की जाएगी, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में समीक्षा के लिए इन एजेंडों को शामिल किया गया है- कृषि विभाग अन्तर्गत जिले में कृषिगत योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा। समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत विगत तीन वर्षों के आय-व्यय की विस्तृत समीक्षा। उद्यानिकी विभाग अन्तर्गत फसलों एवं फलोद्यान कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की जानकारी। स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं, प्राथमिक उपचार केंद्रों और विभागीय कार्यक्रम की समीक्षा। वन विभाग (कोरबा-कटघोरा) अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में चल रहे विकासात्मक कार्यों की स्थिति।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 11 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 11 अगस्त तक पात्र एवं इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कुररीहापारा, ग्राम पंचायत बीरतराई के ग्राम कचोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कचोरा छोटे, ग्राम पंचायत चिचौली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र चिचौली, ग्राम पंचायत देवलापाठ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र देवलापाठ एवं बगदर और ग्राम पंचायत जमनीपाली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र डीपरापारा में आंगनबाड़ी सहायिका की रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन मंगाये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली से संपर्क किया जा सकता है।

### जातिगत प्रताड़ना के खिलाफ कलेक्टर से की शिकायत

**कोरबा।** जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत मितानिन कार्यक्रम में बतौर ब्लाक समन्वयक स्वस्थ पंचायत के पद पर कार्यरत राधेश्याम खांडे ने अपने ही विभाग के दूसरे कर्मचारियों पर एमटी समीक्षा के दौरान जातिगत आधार पर भेदभाव करने और बैठक से बेईज्जत कर भरी सभा से बाहर निकालने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर सहित सबंधित अन्य अधिकारियों से न्याय और कार्यवाही की मांग करते हुऐ लिखित शिकायत दर्ज करायी है । श्री खाण्डेय ने अपने शिकायत में बताया है कि पाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में आयोजित एमटी समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए गया था और अपने निर्धारित कुर्सी पर बैठा हुआ था इस बीच विजय कश्यप ब्लाक समन्वयक, शिव नारायण राठौर, प्रेमलता पंथ, उमा यादव, गायत्री विश्वकर्मा मेरे पास आये और अभद्रता करते हुए मुझे कहा चलो निकलो यहां से यहां पर संघ का बैठक चल रहा है।

### नाग पंचमी के दिन घर में घुसा कोबरा, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** नाग पंचमी के अवसर पर मंदिरों में नागों की विशेष पूजा पाठ किया जा रहा हैं, आज के दिन नाग देवता के दर्शन के साथ पूजा पाठ का विशेष महत्व है। ऐसा ही जब पोड़ीबहार में रहने वाले एक परिवार के घर जब एक कमरे में कोबरा (नाग) दिखाई दिया। परिवार वालों ने इसकी जानकारी रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया, श्री सारथी कुछ देर में पहुंचकर सांप का सफलता पूर्वक रेस्क्यु किया, सांप को सुरक्षित जंगल छोड़ दिया गया।

## कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम धनवार में कुआं धंसा, पास से चप्पल बरामद

# पति, पत्नी और पुत्र के कुएं के मलबे में दबने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



जेसीबी वाहन के माध्यम से मलबा निकालते हुए।



वह कुआं जिसमें परिवार के तीनों सदस्य के दबे होने की है आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक गांव में सुबह आज उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के माता पिता व पुत्र एक साथ लापता हो गए। जब परिजन ने उनकी खोजबीन की तो घर के ठीक पीछे स्थित कुएं के पास चप्पल मिली और कुआं पूरी तरह से धंस चुका था जिससे परिजनों ने आशंका जताई कि तीनों लोग कुएं के मलबे में दब चुके हैं। जैसे ही प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना मिली टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया गया।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी अंतर्गत आने वाले धनवार गांव में यह घटना हुई। बताया जाता है कि गर्मी के सीजन में छेदुराम श्रीवास 65 वर्ष के परिवार ने अपनी जरूरत के लिए कुंआ खुदवाया था। इसकी गहरायी करीब 40 फीट है। अब तक की स्थिति में कुआं कच्चा ही था। सोमवार की रात सभी लोग खाना खाकर अपने अपने कमरे में सो गए थे। मंगलवार की सुबह परिजनों की नींद खुली तो छेदूराम श्रीवास पिता अलखराम श्रीवास, उसकी पत्नी कंचन बाई श्रीवास उम्र 53 वर्ष व उसका छोटा पुत्र गोविंद श्रीवास 30 वर्ष घर पर नहीं थे।

जब परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरु की तो उनका कुछ पता नहीं चला और जब घर के पीछे स्थित बाड़ी में जाकर उन्होंने देखा तो नवनिर्मित कुआं धंस गया था और कुएं के नजदीक इस परिवार के 3 सदस्यों की चप्पल मिली है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। एक ही परिवार के तीन लोगों के लापता होने की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और तीनों लोगों के कुएं के मलबे में दबे होने की आशंका के आधार पर जेसीबी सहित अन्य वाहन लगाकर मलबे को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है लेकिन देर शाम तक तीनों का कुछ पता नहीं चल पाया है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर जटगा चौकी के समीप गांव में हुई घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम रेस्क्यू करने में लगी हुई है। वहीं देर शाम लगभग 6 बजे कलेक्टर अजीत बसंत व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय अफसरों से मामले को लेकर सारी जानकारियां ली और और रेस्क्यू ऑपरेशन रात भर चलाने का निर्देश दिया और लाइटिंग सहित अन्य संसाधनों की व्यवस्था करने के लिए स्थानीय प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया है जिसके बाद शाम को लाइटिंग सहित डीजल सहित अन्य संसाधनों की व्यवस्था तत्काल कर ली गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन निरंतर जारी है।



### लगातार बारिश रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा

बताया जाता है कि एक ही परिवार के तीन लापता लोगों को खोजने के लिए प्रशासन व पुलिस की टीम के साथ एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। जहां जेसीबी वाहन के माध्यम से गड्ढा खोदने का काम किया जा रहा है लेकिन वही सुबह से लगातार क्षेत्र में हो रही बारिश की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बताया जाता है कि जहां एक ओर जेसीबी वाहन के माध्यम से गड्ढा खोदा जा रहा है तो वहीं बारिश की वजह से मिट्टी भी लगातार धस रही है। जिसकी वजह से काम प्रभावित हो रहा है। हालांकि एसडीआरएफ की टीम जल्द से जल्द ऑपरेशन को सफल करने की दिशा पर लगातार प्रयास कर रही है।

### बिलासपुर और कोरबा से पहुंची है रेस्क्यू ऑपरेशन की टीम

एक ही परिवार के तीन लोगों के कुआं में धंसने की घटना सामने आने के बाद प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों की उपस्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जहां बिलासपुर और कोरबा से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची हुई है और दो जेसीबी के माध्यम से कुएं के आसपास पहले गड्ढा खोदा जा रहा है ताकि कुएं के मलबे में दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला जा सके। बाहरी परत पर ग्रामीणों के चप्पल बरामद किए गए है जबकि एक युवक का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है इससे ऐसे ही संभावना जताई जा रही है। देखना है कि रेस्क्यू ऑपरेशन कब तक सफल हो पाता है।

### एक माह पूर्व ही बना था कुआं

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिस कुएं के धंसने की घटना सामने आई है वह एक माह पहले ही मनरेगा के तहत बनाया गया था। फिलहाल किसी भी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बताया जाता है कि कुआं लगभग 40 फीट गहरा था और उसमें ग्रामीणों द्वारा टुल्लू पंप लगाया गया था। बताया जाता है कि पंप निकालने के दौरान ही देर रात को यह हादसा हुआ है। घटना को किसी ने भी देखा नहीं है। संदेह के आधार पर प्रशासन व पुलिस की टीम लगातार मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

### आनलाइन सत्यापन कर सकते हैं पेंशन हितग्राही

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों से कहा गया है कि वे बेनीफिशयरी सत्यापन एप्प के माध्यम से वेरीफिकेशन का कार्य आनलाईन रूप से कर सकते हैं, मोबाईल फोन के प्ले स्टोर में जाकर उक्त एप्प को फोन पर इंस्टाल कर सत्यापन का कार्य किया जा सकता है, इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए हितग्राही समाज कल्याण विभाग की पेंशन शाखा में संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों के वार्षिक सत्यापन हेतु सत्यपान ऐप एक ऐसा एप्लिकेशन है जिसका उपयोग भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा ई-केवाईसी सत्यापन के लिए किया जाना है। यह ऐप, आधार-सक्षम प्रमाणीकरण का उपयोग करके, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन को सरल बनाने के लिए किया गया है। वे एंड्रायंड मोबाईल फोन के प्ले स्टोर में जाकर एप्प उपलब्ध है, जिसको आप अपने मोबाईल फोन पर इंस्टाल कर सकते हैं।

### युवक की संदिग्ध मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धमनागुडी निवासी गौतम महंत 37 वर्ष पिता बहुरन दास महंत की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। बताया जाता है कि वह अपने किसी रिश्तेदार के घर मेहमानी में गया था कि इसी बीच गौतम की तबीयत बिगड़ी और आनन फानन में परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। गौतम महंत की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर ली है।

# आंगनबाड़ी केंद्र का गिरा प्लास्टर, जनहानि टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आंगनबाड़ी का कमरे में गिरा मलबा।

**खास बात**

- आंगनबाड़ी के खुले रहने से हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

दीपका स्थित झाबर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 की छत का प्लास्टर अचानक भर भराकर नीचे जा गिरा। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि आंगनबाड़ी केंद्र खुला नहीं था। नहीं तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। दरअसल सरकारी भवनों की जर्जर स्थिति को लेकर विभिन्न स्थानों पर समस्या बनी हुई है । इनका परीक्षण करने के साथ आवश्यक सुधार करने पर जोर दिया गया है लेकिन समय पर काम नहीं होने से दुर्घटनाएं हो रही है।

नगर पालिका क्षेत्र दीपका से अलग हटकर झाबर में यह आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जो कटघोरा विकासखंड और आईसीडीएस परियोजना में आता है। आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति पहले से ही जर्जर हो चुकी थी। इसे लेकर विभागीय अधिकारी को अवगत कराया था। उनसे कहा गया था कि यहां पर सुधार की जरूरत है और इस दिशा में गंभीरता दिखाई जाए लेकिन लोगों की बातों को काफी हल्के से लिया गया। इस दौरान समय गुजर और बारिश के प्रभाव से स्थिति प्रतिकूल हुई। इस बीच मंगलवार की सुबह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 का प्लास्टर जोर की आवाज के साथ धराशायी हो गया। जब केंद्र खोलने के लिए कार्यकर्ता और सहायिका यहां पहुंची तो उन्होंने इस दृश्य को देखा। कुछ देर में बच्चों के अभिभावकों को भी इसका पता चला। इस दौरान सभी ने मामले को लेकर हैरानी जताई। उन्होंने कुछ दिन पहले ही राजस्थान के झालावाड़ में एक सरकारी स्कूल भवन की छत के जमींदोज होने और 9 बच्चों की जिंदगी समाप्त होने का जिक्र किया। उनका कहना था कि जो घटना हुई है, उसका स्वरूप छोटा है लेकिन यह चिंता का विषय तो है ही। विधायक प्रतिनिधि नीलेश साहू ने बताया कि उन्होंने और सरपंच की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र की समस्या के बारे में विभाग को अवगत कराया जा चुका था लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

# रजगामार के 2 कोल ब्लॉक को खरीदने के लिए 8 कंपनियों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

**खास बात**

- 12 दौर की नीलामी में शामिल हुई रजगामार की दो भूमिगत कोयला खदान

कमॉर्शियल कोल माइनिंग के तहत नीलामी के 12वें दौर में सूचीबद्ध किए गए 6 भूमिगत कोल ब्लॉक्स में से 2 के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं। ये दोनों कोल ब्लॉक जिले के रजगामार में स्थित है। लंबे समय से इन खदानों से काफी कम कोयले का उत्पादन हो रहा है। एसईसीएल के लिए यह बहुत अधिक फायदे की खदाने नहीं हैं, जिसके कारण इन्हें कमर्शियल माईनिंग के तहत नीलाम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के बाद इन खदानों से अधिक कोयला उत्पादन की उम्मीद है।

कोयला मंत्रालय की तरफ से 12वें दौर की नीलामी के लिए 6 भूमिगत कोल ब्लॉक्स को सूचीबद्ध किया गया था। 6 में केवल 2 कोल ब्लॉक रजगामार डिपसाइड देवनारा और रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह के लिए 14 बोलियां मिलीं हैं। 8 कंपनियों ने बोलियां जमा की है। दोनों भूमिगत कोल ब्लॉक रजगामार में स्थित है। डिपसाइड देवनारा में लगभग 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। पूर्व में इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड और सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। इसी तरह रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह नाला में लगभग 61.697 मिलियन टन कोयला भंडार है। इस कोल ब्लॉक क्षेत्र में 89 फीसदी जंगल है। पूर्व में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं टॉपवर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया था। दोनों खदानों की आबंटित कंपनियों के कोयला घोटाले में नाम आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। अब एक बार फिर से दोनों कोयला खदानों को नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए रखा गया है। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार बोली लगाने वाली कंपनियों में गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड, दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, पीएमसी मिनरल रिर्सोसेस प्राइवेट लिमिटेड, सिंघल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, एनआरएसकेएस माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड, श्याम ओर्स प्राइवेट लिमिटेड झारखंड, मिवार्ण स्टील लिमिटेड, श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड शामिल हैं। जिस कंपनी की बोली सर्वाधिक होगी। उसे औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विधिवत तरीके से कोल ब्लॉक का आवंटन किया जाएगा।

## हवा की रफ्तार से बात करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सड़क पर हो रही है कार्रवाई

# इंटरसेप्टर वाहन से 6 माह में 2157 ओवरस्पीड वाहन चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में ज्यादातर सड़क हादसे या तो शराब के नशे की वजह से होते हैं या फिर ओवरस्पीड की वजह से होते हैं। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रही है। खासतौर पर ओवरस्पीड के खिलाफ यातायात पुलिस ने जिले के हाईवे पर इंटरसेप्टर वाहन को उतार चुकी है। इंटरसेप्टर वाहन के उतरने से निश्चित तौर पर यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर रही है और 6 महीने के दौरान ओवरस्पीड वाहन चलाने वाले 2157 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर उनसे 21 लाख रुपए जुर्माना भी वसूला है।

जिले में वाहनों का दबाव लगातार बढ़ते ही जा रहा है। खासतौर पर हाईवे पर लोग अपनी स्पीड पर कंट्रोल नहीं रखते हैं और सीधे हवा की रफ्तार से बात करते हैं। जिसकी वजह से जरा सी चूक होते ही भीषण हादसे होते हैं और कई लोग काल कवलित हो जाते हैं। जिले में लगातार सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। इन हादसों के ग्राफ को कैसे कम किया जा सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस तरह-तरह के उपाय भी कर रही है। इस कड़ी में यातायात पुलिस द्वारा ओवरस्पीड के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के लिए हाईवे कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और पाली-करघोरा हाईवे के बीच इंटरसेप्टर वाहन को भी उतारा गया है। पिछले 6 महीने के दौरान इंटरसेप्टर वाहन इसी मार्ग में सबसे ज्यादा ओवरस्पीड के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यातायात पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 6 महीने में यातायात पुलिस ने इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से 2157 वाहन चालकों के खिलाफ ओवरस्पीड के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 लाख 83 हजार 500 रुपए बतौर जुर्माना वसूली की कार्रवाई भी की है। इंटरसेप्टर वाहन में एएसआई मनोज राठौर, एएसआई ईश्वरी लहरे, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह व उनकी टीम लगातार काम कर रही है।

### क्या होता है इंटरसेप्टर वाहन

ओवरस्पीड गाड़ी की धरपकड़ के लिए यातायात पुलिस के पास इंटरसेप्टर वाहन है इस वाहन की खासियत है कि इंटरसेप्टर वाहन उच्च गति से चलने में सक्षम होते हैं, जो उन्हें अपराधियों या संदिग्ध वाहनों का पीछा करने में मदद करता है, ये वाहन त्वरित प्रतिक्रिया के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो उन्हें आपातकालीन स्थितियों में तेजी से प्रतिक्रिया करने में मदद करता है, इंटरसेप्टर वाहन आमतौर पर छोटे और चपल होते हैं, जो उन्हें संकरी सड़कों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आसानी से चलने में मदद करता है, आधुनिक इंटरसेप्टर वाहनों में उन्नत तकनीक जैसे कि जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, और संचार उपकरण होते हैं, जो उन्हें अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद करते हैं। इंटरसेप्टर वाहनों का उपयोग आमतौर पर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया जाता है ताकि वे अपराधियों का पीछा कर सकें और कानून व्यवस्था बनाए रख सकें।

### नाले में युवक का मिला शव

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में एमटीके-2 के पीछे नाला में एक युवक की लाश मिली है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि युवक मिर्गी के बीमारी से ग्रसित था। संभवतः मिर्गी का दौरा पड़ने की वजह से वह पानी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के एमटीके-2 के पीछे नाला में मंगलवार की सुबह लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि मृतक की पहचान सुदामा पटेल उम्र 30 वर्ष पिता महेत्तर पटेल के रुप में की गई है।

## खबर संक्षेप




### सेजस के रासेयो ने देश के जवानों के नाम भेजी राखी

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा के विद्यार्थियों ने 201 रक्षा सूत्र राखी स्वंय अपने हाथों से तैयार कर देश के सैनिकों के लिए भेजा गया। स्वंय सेवक विद्यार्थियों ने संदेश में लिखा वीर सैनिकों के सम्मान के लिए रक्षा बंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना करती हैं। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि नन्हीं बालिकाएँ, विद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से सैनिकों के लिए राखियाँ तैयार करती हैं। रक्षा बंधन के अवसर पर सैनिकों को राखी भेजना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और प्रेम का अनमोल भाव है। यह संदेश देता है कि देश की हर बेटी अपने सैनिक भाई के साथ है।

### बॉर्डर पर तैनात जवानों के लिए छात्रों ने भेजी हस्त निर्मित राखी



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा के द्वारा एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत विद्यालय की छात्राओं के द्वारा हस्त निर्मित राखियां बनाकर बॉर्डर पर तैनात भाइयों के लिए भेजी गई। भारत देश की रक्षा में तैनात जवानों के लिए हस्त निर्मित राखी तैयार करने में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने लिफाफे में रक्षासूत्र को अक्षत और रोली के साथ आदर और प्रेम पूर्वक अपने देश के सैनिक भाइयों के लिए प्रेषित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह प्रधान पाठक बंशीलाल देवांगन, स्काउट गाइड प्रभारी राज नारायण सिंह, व्याख्याता सुनीला सिंह, रेणुका लदेर आदि समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### पीएम आवास से गरीबों को मिल रही सुविधा

**कोरबा।** अपनी झोपड़ी में वर्षो तलक परेशानी झेलते आए सपलवा के प्रह्लाद सिंह इसलिए खुश है कि आने वाले दिनों में उनकी परेशानी अब परेशानी नहीं रहेगी। उन्हें भी अपने परिवार के साथ ख़ुशी-ख़ुशी रहने का मौका मिलेगा। उनकी पत्नी उर्मिला बाई भी चाहती थीं कि उनका भी कोई पक्का मकान हो लेकिन पक्के मकान के लिए खर्च की सीमा उनके सपनों को तोड़ देती थीं। गाँव के कई परिवारों के साथ इनका नाम भी जब पीएम आवास योजना में आया तो खुशी का ठिकाना न रहा। प्रह्लाद सिंह और उनकी पत्नी उर्मिला बाई अपने सपनो के आशियाने को पूरा करने जुट गए हैं।

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम सपलवा के प्रहलाद सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद उन्होंने अपना घर निर्माण शुरू किया है। आने वाले कुछ महीनों में उनका यह घर बनकर तैयार हो जाएगा। प्रहलाद सिंह ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ज्यादा मजबूत नहीं है। खेती किसानी कर कुछ रुपये जोड़कर घर का खर्च भले ही निकाल लेता हैं लेकिन इतने रुपये का इंतेजाम नहीं कर पाता कि वह पक्का मकान बना सके। उन्होंने बताया कि मकान कच्चा होने से बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। छत से पानी गिरता है और नीचे कपड़े सहित घर के समान भी पानी में भीगकर खराब होते हैं। आवास योजना के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए प्रहलाद सिंह ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूँ कि पीएम आवास योजना में मुझे लाभ मिला। इसी तरह सपलवा के वीर साय और मिथिलेश ने बताया कि उनका भी घर कच्चा था। पीएम आवास योजना में नाम आने के बाद उनका भी पक्का मकान बना और अब बारिश के दिनों में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए कहा कि झोपड़ी में रहने वालों को पक्का मकान बनाने और उसमें रहने के साथ ही उनकी परेशानी से छुटकारा मिलने का अवसर मिल रहा है। यह बहुत खुशी की बात है।

## निधन

### श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल



**कोरबा।** अग्रवाल सभा के सदस्य कोसाबाड़ी निवासी डॉ. राकेश अग्रवाल की दादी श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल का (90 वर्ष) का निधन हो गया। वे अपने नाती पोतों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम राजकम्मा में दोपहर 2 बजे किया गया। इस दौरान परिजन सहित समाज व शहर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### पूर्व में गठित जांच टीम ने विकास कार्यों का किया था निरीक्षण

# शिकायत के बाद चलित प्रशिक्षण प्रयोगशाला की टीम ने की निर्माण कार्यों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के विधायक प्रतिनिधि द्वारा निर्माण कार्यों में अनियमितता व घटिया सामग्री

**खास बात**

- निर्माण कार्यों के जांच के दौरान नहीं मिली अनियमितता और घटिया सामग्री



निर्माण कार्यों की जांच करते हुए।

के उपयोग की शिकायत के बाद नोजल डायरेक्टर के द्वारा गठित जांच टीम ने विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया गया। साथ ही नगरीय प्रशासन द्वारा चलित प्रशिक्षण प्रयोगशाला की टीम से भी निर्माणकार्यों की कोर कटिंग जांच की गई। जिसमें कोई बड़ी अनियमितता व घटिया सामग्री का उपयोग करना नहीं पाया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के विधायक प्रतिनिधि लखपत शर्मा ने पालिका अधिकारी सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव को लिखित शिकायत सौंपा था। जिसमें सड़क निर्माण कार्यों में अनियमितता व घटिया सामग्री का उपयोग का आरोप लगाया था। जिसके बाद नोजल डायरेक्टर बिलासपुर की ओर से गठित जांच कमेटी ने नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्डों में हो रहे विकास कार्यों का सघन जांच किया था। जिसके बाद पुनः उसी शिकायत को लेकर 27 जुलाई को प्रशासन द्वारा बिलासपुर से नगरीय प्रशासन व विकास विभाग चलित प्रशिक्षण प्रयोगशाला का टीम भेजा गया। जिसके साथ-साथ नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के सब इंजीनियर अनिल कुमार राम, इंजीनियर जीवेश कुमार व पालिका के कर्मचारी के उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 4 में हुए सड़क निर्माण कार्य की कोर कटिंग जांच की गई। ये वही सड़क है जिसपर विधायक प्रतिनिधि लखपत शर्मा ने भारी अनियमितता व घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया था। वार्ड क्रमांक 4 में लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा बनाई गई सड़क निर्माण परीक्षण की गई। जिसमें पहले सैंपल 3 लिए गए जिसका रेशियों लगभग 6-7 का आया, जिस पर आरोप व शिकायतकर्ता लखपत शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे। विधायक प्रतिनिधि लखपत शर्मा ने असंतुष्ट होना बताते हुए एक और सैंपल लेने की मांग की जिसपर इंजीनियर द्वारा एक और सैंपल लिया गया। जिसकी रेशियो 6 इंच आई इस तरह सड़क निर्माण कोर कटिंग की जांच पूर्ण की गई। वार्ड क्रमांक 4 में सड़क निर्माण प्रशिक्षण जांच में आए रेशियो को देख यह स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूर्व में लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन पर जो प्रश्न चिन्ह लगाते हुए शिकायत किया गया था वह आरोप गलत है। इंजीनियर व पालिका अधिकारियों द्वारा और भी वार्डों में जांच की गई जिसमें कुछ ग़लत तो कुछ सही पाया गया। परीक्षण प्रयोगशाला के टीम इंजीनियर से बात करने पर जानकारी दी गई है कि ईई साहब के निर्देश पर सैंपल को इंजीनियरिंग कॉलेज के लैब में भेजी जानी है जहां इसकी जांच होनी। कोर कटिंग परीक्षण के दौरान मौके पर टीम के साथ-साथ वार्डवासी, ठेकेदार भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के बाद उपस्थित प्रत्यक्षदर्शी को गवाह बनाकर हस्ताक्षर भी लिया गया।

## वायु गुणवत्ता सुधारने आपसी समन्वय के साथ सार्वजनिक प्रतिष्ठान व विभाग करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुडे. विभागों व सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से कहा कि कोरबा में वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुडे.कार्यो व पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों पर आपसी समन्वय बनाकर पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य करें तथा सकारात्मक परिणाम हासिल करें। उन्होने कहा कि वायु का प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक हैं विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही है, इस समस्या से निपटने हेतु हम सबको दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना होगा, व्यापक जनजागरूकता लानी होगी, आमजन को इस कार्यक्रम से जोड़ना होगा।

उक्त बातें आयुक्त श्री पाण्डेय ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की सिटी लेवल मानीटरिंग एवं इम्पली मेन्टेशन कमेटी की बैठक के दौरान कही। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने एन.सी.ए.पी. फंड के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक किए गए कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो की भौतिक व वित्तीय प्रगति की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए वायु गुणवत्ता सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभी तक किए गए कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि वायु गुणवत्ता सुधार एवं नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम से जुडे. विभिन्न कार्यो व गतिविधियों को समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं संबंधित विभाग पूरी गंभीरता से लें एवं धरातल स्तर पर ठोस कार्यवाही करें। बैठक के दौरान वर्ष 2024-25 के लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत प्रस्तावित एनुअल एक्शन प्लान, तैयार किए गए प्रस्तावों व उनके अनुमोदन की स्थिति के साथ-साथ संबंधित विस्तृत कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई तथा आगामी समय में किए जाने वाले कार्यो व गुणवत्ता सुधार की दिशा में उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों पर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान प्रोग्राम अंतर्गत डम्प साईट निर्माण, आक्सी जोन निर्माण, वृक्षारोपण, गारवेज प्रबंधन, उद्यानों के निर्माण, सी.एण्ड डी.वेस्ट प्रबंधन, कोल ट्रांसपोटिंग, रोड डस्ट प्रबंधन सहित वायु गुणवत्ता सुधार के विभिन्न पहलुओं व विषयों पर किए गए कार्यो की समीक्षा भी की गई।

## पित्तवर्धक आहार हेपेटाइटिस का मुख्य कारणः डॉ.नागेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे (विश्व यकृत शोथ दिवस) पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में हेपेटाइटिस (यकृत शोथ) रोग से बचाव, उपचार तथा कारण से संबंधित जागरुकता 28 जुलाई को पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में आयोजित विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में अंचलवासी लाभान्वित हुए। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की हेपेटाइटिस यानि यकृतशोथ लिवर को संक्रमित करने वाला रोग है जो लिवर में सूजन तथा जलन पैदा करता है। जिसे हेपेटाइटिस (यकृत शोथ) कहते हैं, उन्होंने कहा कि वैसे तो हेपेटाइटिस रोग का कोई निश्चित कारण नहीं है पर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तंबाखू, शराब, पित्तवर्धक आहार का सेवन एवं ओवर ईटिंग इसके प्रमुख कारण हैं। त्वचा और आंखों में पीलापन, गहरे रंग का मूत्र होना, अत्यधिक थकावट होना, जी मिचलाना, भूख न लगना, उल्टी होना, पेट में दर्द व सूजन का होना इस तरह के लक्षणों का लंबे समय तक बने रहना हेपेटाइटिस यानि यकृत शोथ का कारण बन सकता है। अतः इन लक्षणों की उपस्थिति में समय रहते चिकित्सक से संपर्क कर जांच अवश्य करानी चाहिए। शिविर में लिवर के लिये उपयोगी यकृत बूस्टर क्वाथ भी निशुल्क पिलाया गया। साथ ही लिवर के सुस्वास्थ्य हेतु संबंधित स्वास्थ्य पुस्तिका भी निशुल्क प्रदान की गई।

## परंपरा, संस्कृति और समृद्धि का संगम हरेली तिहार : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक हरेली आयोजन समिति के तत्वावधान में बालको नगर के रामलीला मैदान में छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोक परंपरा को समर्पित वर्ष के पहले पर्व हरेली तिहार का

**खास बात**

- बालको में आयोजित हुआ तिहार का आयोजन

चौथे वर्ष लगातार भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हरेली तिहार परंपरा, संस्कृति और समृद्धि का संगम है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू, बालको



परिवार के प्रमुख विजय चंद्रा, समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की सराहना की। मंत्री देवांगन ने आयोजन हेतु 1 लाख और महापौर महोदया ने 50 हजार सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि औजारों की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीफल तोड़कर और गुड़ का चीला अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात राजकीय गीत अरपा पैरी के धार की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को छत्तीसगढ़ी रंग में रंग दिया। इस अवसर पर बालको क्षेत्र और आस-पास के गाँवों से आए कलाकारों, बच्चों और खेल प्रेमियों ने लोकगीत, पारंपरिक नृत्य एवं पारंपरिक खेलों—गेड़ी दौड़, नारियल फेंक व मटकी फोड़—का आनंददायक प्रदर्शन किया। वहीं महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों में फरा, चीला, खुर्मी, कुसली, अरसा, बोबरा, अनरस, गुजा, बरा, चौसेला, बिजोरी सहित कई पारंपरिक पकवानों की खुशबू और स्वाद ने लोगों को मुग्ध कर दिया। आयोजन समिति की ओर से खिचड़ी भोग का प्रसाद भी वितरित किया गया। व्यंजनों के आलावा अन्य खेलकूद के स्टाल भी आसपास लगे थे। गेड़ी दौड़, मटका फोड़, नारियल फेंक व पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता के विजेताओं को गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। गेड़ी दौड़ में प्रथम पुरस्कार विजय बंजारे, द्वितीय चंद्रिका कौशिक,अवि कंवर,मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीलिमा जायसवाल, द्वितीय सपना जाधव, तृतीय नव्या राठौर, नारियल फेक में प्रथम नरेंद्र राठौड़, द्वितीय अमन यादव, तृतीय संगम दुबे तथा पोस्टर प्रदर्शनी में भी श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## लायन्स क्लब का निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सामाजिक गतिविधियों के लिए पूरे डिस्ट्रिक्ट में जानी जाती रही है। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि आजकल जिस प्रकार से लोगों को पेट में भारीपन व जलन का होना दिन रात तकलीफों को देखते हुए सोचते रहना जिसका परिणाम सिर में जोर पड़ना पेट में दर्द, जलन होना जिसका प्रमुख कारण है खानपान व प्रदूषित हवा। साथ ही लोग समय से अपनी जांच नहीं करा पाते हैं, इन्ही सभी समस्याओं को देखते हुए क्लब के द्वारा मस्तिष्क रोग एवं पेट रोग से सम्बंधित निःशुल्क शिविर लगाया गया।

गवर्नमेंट कालेज कटघोरा के प्रोफेसर प्रिंस कुमार मिश्रा ने बताया कि लायन्स क्लब कटघोरा छुरी जिस प्रकार से सामाजिक कार्य कर रही है निश्चित ही सराहनीय है, क्योंकि आज के इस भागम भाग व व्यस्तम जिंदगी में किसी के पाश भी समय नहीं होता है, लेकिन फिर भी संस्था के द्वारा लोगों को बीमारी से निजात दिलाने के लिए निःशुल्क शिविर लगाया जाता रहा है, निश्चित ही यह सराहनीय है। इसके लिए क्लब के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। डॉ.चारु शर्मा ने कहा कि पेट रोग बीमारी की मुख्य जो वजह है वह खान पान होती है। एक तो सही समय में भोजन नहीं करना व तले हुए पदार्थों का ज्यादा सेवन करना भी पेट की बीमारी को मुख्य रूप में दर्शाती है। साथ ही हर व्यक्ति को इन सभी बीमारियों से निजात पाने के लिए भोजन के साथ पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। कम से कम रोजाना 4 से 5 किलोमीटर की वाकिंग करनी चाहिए। जिसमें रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.उमेश कुमार चंद्रा व पेट रोग विशेषज्ञ डॉ.चारु शर्मा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा में परामर्श शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया। जिसमे नगर सहित आसपास से पहुंचे 112 लोगों का निःशुल्क बीपी, शुगर का जांच किया गया। इस अवसर पर रायपुर से आये मार्केटिंग इंचार्ज विकास राठौर, राहुल पाठक, संरक्षक एवं डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, अतुल मित्तल, संरक्षक दीपक गर्ग, घनश्याम शर्मा, सांस्कृतिक आयोजन प्रभारी शुभम मित्तल, डायबिटीज चेयरपर्सन राजूदास दीवान, इखलाक शेख, राकेश शर्मा, क्लब सर्विस चेयरपर्सन सुधीर पाण्डेय, हंगर रिलीफ चेयरपर्सन अजय श्रीवास्तव, विशाल बंसल, स्वास्थ्य चेयरपर्सन डॉ.गोपाल गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशामुक्त युवा पर मानव श्रृंखला चित्रकला बनाकर दिया जनजागरूकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा


कार्यक्रम में शामिल बच्चे एवं शिक्षक।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर, जिला संगठक प्रो वाय के तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन में स्वंय सेवक अभिनव नीतिश जीवेश अनीश नवनीत विनय रोहित पंकज संदीप तुषार साहिल आयुष विजय ज्योति रश्मि मनोरमा दीपांजलि सुषमा अनामिका अनुष्का सुष्मिता अंशु पूनम अनूपा भाग्यश्री ने नशा मुक्त युवा मानव श्रृंखला,चित्रकला, नशा मुक्त शपथ बना कर जनजागरूकता का संदेश दिया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आज का युवा देश का भविष्य है। उसकी ऊर्जा, सोच और मेहनत ही राष्ट्र को उन्नति की दिशा में अग्रसर करती है लेकिन जब यही युवा नशे की गिरफ्त में आ जाता है तो उसका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इसलिए नशा मुक्त युवा का होना समाज और देश के लिए अत्यंत आवश्यक है।नशे की प्रवृत्ति और प्रभाव नशा एक सामाजिक बुराई है, जो युवाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से खोखला बना देता है। शराब, गुटखा, सिगरेट, ड्रग्स जैसे नशे युवाओं को गलत मार्ग की ओर ले जाते हैं। इससे पढ़ाई में रुकावट, स्वास्थ्य हानि, परिवार में तनाव और अपराध जैसे गंभीर परिणाम सामने आते हैं। यदि युवा नशा मुक्त होगा, तो उसकी सोच सकारात्मक होगी। वह अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहेगा, समाज में प्रेरणा बनेगा और देश के विकास में भागीदार बनेगा। नशा मुक्त युवा ही आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकता है।

## हत्या का आरोपी 24 घंटे के भीतर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला/लखनपुर

दोस्त के साथ गांव में घूमने निकले युवक को गांव के ही एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर न सिर्फ मारपीट किया बल्कि धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इधर घटना के जानकारी लगते ही पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस के मुताबिक लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरी कला निवासी मनमोहन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके रिश्ते के भांजे ग्राम कंदरई नेवारडांड निवासी मदन सिंह आ. माखन सिंह (22 वर्ष) रविवार को गांव आया था और शाम को दोस्त के साथ गांव में घूमने निकला था। रात लगभग 11 बजे मदन का दोस्त फोन कर बताया कि मदन सिंह को पुरानी रंजिश को लेकर चिन्टू राम प्रजापति ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया है। जानकारी लगते ही परिजन रात में मदन सिंह की खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। आज सुबह खेत बाड़ी में मदन सिंह का शव मिला है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध सबूत पाए जाने पर तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी रजपुरीकला पखना पारा निवासी चिंटू राम प्रजापति आ.जगदीश प्रजापति (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने रविवार की रात करीब 8-9 बजे पुरानी रंजिश कों लेकर मदन सिंह से विवाद होने पर हाथपाई की घटना हुई थी जो आस पास उपस्थित दोस्त बीच बचाव कर लड़ाई छुड़वाने का प्रयास किए। इसी दौरान आरोपी मौक़े पर पड़े डण्डा से मदन सिंह को मारपीट किया था और अपने पास रखे धारदार हथियार से हत्याय कर दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## बालको महिला मंडल ने मनाया तीज महोत्सव

बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। उत्सव में 65 से अधिक सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में अपनी सांस्कृतिक विरासत की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और तीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छह श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया गया, जिसमें तीज क्वीन सीमा साहू, प्रथम रनर-अप अल्का पृथ्विकार, द्वितीय रनर-अप इला छुगानी, मिस स्टनिंग ब्यूटी अनुराधा, मिस एलिगेंट सिम्प्लिसिटी सिमरन जैन और मिस ट्रेडिशनल पेजेंट हनी देवले थी। इस आयोजन ने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की भावना को प्रबल किया, साथ ही क्लब के सदस्यों के बीच आपसी सौहार्द और एकता को भी सशक्त किया। यह आयोजन क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार के नेतृत्व और सलाहकार मंडल, श्रीमती वीनेता सिंह,



श्रीमती रमा द्विवेदी, श्रीमती वंदना शर्मा तथा श्रीमती दिव्या ओझा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सचिव श्रीमती सुष्मिता श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष श्रीमती पल्लवी पाटिल ने बालको महिला मंडल की सभी सदस्याओं और मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बालको महिला मंडल अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालकोनगर के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में सदस्यगण श्रीमती मोनिका कोचर, श्रीमती अंकिता सिंह, श्रीमती शिवानी प्रसाद, श्रीमती जागृति सिंह और श्रीमती नीतू वर्मा प्रमुख भूमिका रही। बालको महिला मंडल द्वारा हालिया दिनों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्लब सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा का आयोजन, विश्व सोशल मीडिया दिवस पर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक संदेश साझा किया गया, जबकि विश्व संगीत दिवस पर आयोजित आनंददायक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**कोरबा।* कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिला में असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसके तहत राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील अजगरबहार अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 4 ग्राम माखुरपानी, पटवारी हल्का नंबर 6 ग्राम केरीझारिया, पटवारी हल्का नंबर 8 ग्राम सुर्वे, पटवारी हल्का नंबर 10 ग्राम पेंड्राडीह से प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने से अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही हेतु उद्घोषणा किया जाना है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### प्रभावित शिक्षकों को मूल संस्था में कार्य करने की मिले अनुमतिः यादव

**कोरबा।** सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव विपिन यादव ने युक्तियुक्तकरण जिला समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान व प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में पूरक परीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु एवं छात्र हित में जिले के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से प्रभावित शिक्षकों को निराकरण समिति के अंतिम आदेश आने तक पूर्व संस्था में शैक्षणिक कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में जारी आदेश के विरुद्ध जिले के लगभग 60 से 70 शिक्षक उच्च न्यायालय बिलासपुर, सामान प्रशासन विभाग द्वारा गठित संभाग राज्य स्तरीय निराकरण समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं। सर्व शिक्षक संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि माननीय न्यायालय व समिति के अंतिम निर्णय आने तक समस्त अभ्यावेदन प्रस्तुतकर्ता शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के पूर्व पदस्थापना वाले विद्यालय में ही शैक्षणिक कार्य करने की अनुमति प्रदाय करने की कृपा करेंगे। ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में सर्व शिक्षा संघ के प्रदेश महासचिव विपिन यादव व जिला सचिव जय कुमार राठौर उपस्थित रहे।

### निगम की अव्यवस्थाओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त व सभापति को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** नगर निगम की जनविरोधी नीतियों एवं बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू के नेतृत्व में पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त एवं सभापति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि निगम के 67 वार्डों में जल आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है। तकनीकी खराबी या अन्य बहानों का हवाला देकर 3-4 दिन तक आपूर्ति बंद कर दी जाती है। नालियों और बाजार क्षेत्रों में गंदगी फैली है। कुछ वार्डों में 4-5 कार्य कराए जा रहे हैं, तो कुछ में एक भी कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। आरोप लगाते हुए कहा की कमीशन के चक्कर में फिजूलखर्ची हो रही है और नगर निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 14 और अंडर 16 का ट्रायल 3 अगस्त को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने विभिन्न आयु वर्गों के जिला क्रिकेट टीम चयन की तारीख घोषित की है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बी.बी साहू ने बताया कोरबा डिसस्ट्रिक्ट जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने चयन प्रक्रिया कोरबा स्थित एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप क्रिकेट स्टेडियम में कराने की तिथियों का निर्धारण किया है। इसके तहत अंडर-14 वर्ग व अंडर –16 के खिलाड़ियों का ट्रायल 03 अगस्त को होगा। अंडर 14 के खिलाड़ियों का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य व अंडर 16 के खिलाड़ियों का 1 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2012 होना जरूरी है। चयन प्रक्रिया में बतौर चयनकर्ता अनिल प्रजापति, अजय राय ,विशाल दुबे उपस्थित रहेंगे ।चयन प्रक्रिया के दौरान जिला क्रिकेट संघ के सचिव अखिलेश मणि तिवारी, सह सचिव जीत सिंह ,कोषाध्यक्ष छतलाल यादव ,सदस्य उमंग सोनी उपस्थित रहेंगे। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से आरम्भ होगी वही पंजीयन के लिए आवश्यक कलर फोटो 2 नग,अंतिम 6 वर्षों की अंकसूची,डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,निवास प्रमाण पत्र के दस्तावेज कलर फोटोकॉपी में व पंजीयन शुल्क अनिवार्य है।

### एससी व एसटी वर्ग के छात्र 11 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग करने के लिए 11 अगस्त शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र तथा आवेदन से संबंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक हैं वे निर्धारित तिथि तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं।

## आयुक्त ने गोकुलनगर गौठान का किया निरीक्षण

# गोठान का होगा जीर्णोद्धार चालू होगा बायो गैस संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोकुलनगर में संचालित गोठान का जीर्णोद्धार किया जाएगा, इसके साथ ही गोठान परिसर में स्थापित बायो गैस संयंत्र को भी चालू कराया जाएगा। निगम आयुक्त ने गोकुलनगर पहुंचकर गोठान का निरीक्षण किया तथा उक्त व्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



गोठान का निरीक्षण करते आयुक्त व अन्य।

नगर निगम द्वारा गोकुलनगर में गोठान का संचालन किया जा रहा है, जहाँ पर मवेशियों के ठहराने व उनके खाने-पीने का प्रबंध किया गया है, शहर की सड़कों में विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से उठाकर उक्त गोठान में ही रखा जाता है, वर्तमान में गोठान में सौ से अधिक मवेशी रखे गये हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मंगलवार को गोठान के निरीक्षण के दौरान पाया कि वर्तमान में वहाँ पर अपेक्षाकृत शेड की संख्या कम है तथा और अधिक संख्या में शेड लगाया जाना आवश्यक है, ताकि गोठान में रखे गये सभी मवेशियों के लिए पर्याप्त छायादार स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत व जीर्णोद्धार हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए। उक्त गोठान परिसर में निगम द्वारा पूर्व में बायो गैस संयंत्र की स्थापना कराई गई थी किन्तु संयंत्र को प्रारंभ नहीं किया जा सका था, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त संयंत्र का निरीक्षण किया, की गई व्यवस्थाओं को देखा तथा संयंत्र को चालू करने के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर के पार्षद श्री अशोक चावलानी एवं अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड का सघन रूप से भ्रमण किया। फेस-2 रेलवे लाईन के किनारे स्थित कालोनी में जलभराव की समस्या को दूर करने, वहाँ पर स्थित नाले की सफाई, आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य एवं नाले को रोड साईड पर कवर्ड करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि नाले के ओव्हरफ्लो होने के कारण होने वाले जलभराव को समाप्त किया जा सके। हारिका क्षेत्रांतर्गत बैंक कालोनी के समीप स्थित कटहल गार्डन का निरीक्षण किया गया।

### ट्रेलर के डाला की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी कोरबा निवासी अजय कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ट्रांसपोटिंग का काम करता है। केसर अंसारी उसकी ट्रांसपोर्ट कम्पनी में विगत 10 वर्षों से ट्रेलर वाहन चलाने का काम करते चला आ रहा है। अजय के ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को ड्राईवर केसर अंसारी विगत 2 वर्षों से चला रहा है। 25 जुलाई को अजय का ड्राईवर केसर अंसारी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को चांपा से लाकर शाम 6.30 लगभग ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा के आगे उक्त ट्रेलर वाहन के डाला क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को खडी कर इंजन को बनवाने के लिए आईचर वर्कशाप टीपी नगर में बनने के लिए दे दिया। 27 जुलाई को अजय अपने उक्त ट्रेलर वाहन के डाला को देखने गुरुद्वारा के पास गया था जहां रात्रि 9 बजे लगभग अजय उक्त ट्रेलर का डाला वहां पर खडा था। 28 जुलाई को शाम 4 बजे लगभग अजय के ड्राईवर केसर फोन करके बताया कि ट्रेलर वाहन के डाला क्रमांक सीजी 04 पीई 3294 को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। अजय की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी के साथ ठगी मैनेजर सहित तीन के विरुद्ध अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर निवासी मिंजोरी बाई उम्र 60 वर्ष पति स्व०सालिक राम देवांगन ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति सालिकराम एसईसीएल

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ओमपुर का मामला

रजगामार में नौकरी करता था, उसकी मृत्यू होने के पश्चात मिंजोरी बाई अनुकम्पा नियुक्ति पर एसईसीएल में नौकरी करती थी, वर्ष 2024 में मिंजोरी सेवानिवृत्त हो गई। ओमपुर निवासी रियाजुद्दीन आटो चलाने का काम करता है, मिंजोरी उसके आटो में बैठकर कभी कभार जाती थी। 6 जनवरी को मिंजोरी के बैंक खाता में 7 लाख 98 हजार 39 रुपए रिटायमेन्ट का पैसा आया था।

मिंजोरी रियाजुद्दीन के आटो में बैठकर रजगामार पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकलवाई थी। इस दौरान पीएनबी बैंक मैनेजर शाखा रजगामार के द्वारा मिंजोरी से कहा गया कि तुम्हारे एकाउंट में यदि पैसा रहेगा तो सारा पैसा कट जायेगा और बैंक मेनेजर ने मिंजोरी कहा कि रियाजुद्दीन या उसकी पत्नी के खाता में पैसा डलवा दे रहा हूं ये पैसा निकालकर तुमको दे कहकर कुछ कागज में मिंजोरी के हस्ताक्षर करवा लिया और मिंजोरी के खाते का पैसा रियाजुद्दीन के पत्नी के एकाउंट में आर.टी.जी.एस. कर दिया। जिसके उपरांत रियानुद्दीन और उसके पत्नी खुशबू दोनों मिंजोरी को ऑटो में बैठाकर एचडीएफसी बैंक शाखा कोरबा गये वहां से रियानुद्दीन और खुशबू दोनों बैंक से पैसा निकाला और अपने बैग में रखे 2 लाख रूपये दिया और मिंजोरी के द्वारा और 4 लाख रूपये की मांग की गई तो रियानुद्दीन के द्वारा कहा गया कि वह बैंगलोर जा रहा है वहां से वापस आकर देगा। अब मिंजोरी के द्वारा अपने पैसे की मांग की जाती है तो रियानुद्दीन और उसकी पत्नी खुशबू के द्वारा वाद विवाद किया जाता है। मामले की शिकायत प्रार्थिया मिंजोरी के द्वारा रजगामार चौकी में किया गया है जिस पर पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक के मेनेजर और रियाजुद्दीन और उसकी पत्नी खुशबू तीनों के विरुद्ध 318 (4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## स्कूटी सवार महिला टीचर को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सड़क हादसों का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं भारी मालवाहक वाहनों की रफ्तार भी कम नहीं रहती। जिसके परिणाम स्वरूप आए दिन हादसों को निमंत्रण देते रहता है। ऐसे ही एक तेज रफ्तार पिकअप सीजी 12 बीएच 1783 वाहन ने बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत अजगरबहार रोड में एक स्कूटी सवार महिला टीचर को जोरदार ठोकर मार दी। हादसा इतना खतरनाक था कि पिकअप वाहन स्कूटी के ऊपर ही जा पलटा। इस हादसे में स्कूटी सवार महिला को गंभीर चोट लगी है।

जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार पोडीबहार निवासी ऊषा तिर्की उम्र 45 वर्ष पति राकेश तिर्की बालको स्थित तिलाईडाढ स्थित स्कूल में टीचर के पद पर पदस्थ है। स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात अपने घर पोड़ीबहार कोरबा लौट रही थी। तभी सोनपुरी मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए महिला टीचर को अपने चपेट में ले लिया और स्कूटी के



गोल घेरे मं दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी।

ऊपर पिकअप पलटी हो गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि महिला पिकअप के नीचे नहीं आई वरना बड़ी अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता था। हालांकि स्कूटी से गिरने और ठोकर लगने की वजह से महिला को गंभीर चोट भी लगी है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 में तैनात चालक सत्येंद्र सिंह गेंदले और आरक्षक हिमाचल सिंह द्वारा महिला को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### बैंक के अंदर महिला के पर्स से युवती ने निकाले पैसे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**कोरबा।** मंगलवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे तुलसीनगर निवासी हेमा साहू के पर्स से बैंक के अंदर ही एक महिला ने 40 हजार रुपए उड़ा लिए। हेमा साहू ने बताया कि वे बीमा सखी का कार्य करती है। मंगलवार की दोपहर वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मैंन ब्रांच ट्रांसपोर्ट नगर गई थी। जहां उसने अपने खाते से 40 हजार रुपए निकाले। रुपए पर्स में रखकर वह पासबुक में एंट्री कराने लगी। इसी बीच एक सलवार सूट पहनी अज्ञात महिला हेमा साहू के पीछे खड़ी हो गई। उसने सोचा कि वो भी किसी बैंकिंग कार्य से आई होगी बाद में वह चली गई। इस बीच जब हेमा साहू ने चेक किया तो उसके 40 हजार रुपए गायब थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## हैवी ब्लास्टिंग से जर्जर हुआ पंचायत भवन कलेक्टर से की नए भवन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों ने कलेक्टर से नये पंचायत भवन की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि खदान में रोजाना हो रहे हैवी ब्लास्टिक की वजह से पंचायत भवन के छज्जे का प्लास्टर गिर गया है, दीवारों पर दरारें पड़ गई हैं। जिसकी वजह से पंचायत भवन जर्जर हो गया है। जहां काम करना संभव नहीं है।

दीपका कोयला खदान का हरदीबाजार आबादी के करीब पहुंचने से क्षेत्र में रह रहे लोगों के समाने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। जहां क्षेत्र का कुआं हो चाहे बोर सब जमींदोज हो गये हैं। मकान हैवी ब्लास्टिंग से कमजोर हो रहे हैं तो कहीं छत का मलवा ज़मीन पर गिर रहा है। जिसकी शिकायत कलेक्टर, एसईसीएल दीपका प्रबंधन एवं तहसीलदार हरदीबाजार सहित थाना में की गई है, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर अजित बसंत को समस्याओं से अवगत कराया कि रहवाश इलाके से खदान की दूरी महज 30 मीटर है, कोयला खदन में मिट्टी उत्खनन,





कोयला उत्खनन व हैवी ब्लास्टिंग से हरदीबाजार पंचायत भवन, पटवारी कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने नवीन भवनों की मांग की है। जिसपर कलेक्टर ने एसईसीएल दीपका प्रबंधन को नया भवन बनाकर देने की बात कही है। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन की छत से प्लास्टर ज़मीन पर गिर रहा है और बारिश होने पर छत से पानी टपक रहा है। यही स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। ऐसे में पंचायत भवन में काम किया जा सकता है और न ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को भर्ती किया जा सकता है।

## जिले के खिलाड़ियों ने जीते 2 स्वर्ण, 5 रजत एवं 8 कांस्य सहित कुल 15 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायगढ़ में 16 से 20 जुलाई तक किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 15सौ खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं ऑफिसियल ने किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट,किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स में हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के महिला पुरुष खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन





प्रतियोगिता के दौरान मार्च पास्ट करते प्रदेश के खिलाड़ी।

वर्गों में हिस्सा लिया। राज्य के 88 खिलाड़ियों एवं 14 ऑफिशियल्स ने उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर 8 स्वर्ण, 13 रजत एवं 37 कांस्य सहित 58 पदक जीतकर देशभर में छठवां स्थान प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार विवरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। जिले के सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत तथा 8 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीता। जिनमें अंकुश यादव स्वर्ण एवं रजत, श्रेया शुक्ला स्वर्ण, लोकिता चौहान 2 रजत, रेहाना फातिमा, कपिल पटेल रजत तथा प्रभात कुमार साहू, शुभम यादव, प्रतिभा राय, तबस्सुम सैयद डबल इवेंट, कृष्णा डडसेना, रमेश सहने कांस्य पदक जीता। जुनैद आलम, संजय साहू, हेमंत कुमार यादव ने भी अपने अपने वजन वर्ग में शामिल रहे।

## राज्य स्तरीय कराटे में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 29 मेडल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य कराटे फेडरेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय इंडिपेंडेंस कप राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लेबल अप एमएमए एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले के खिलाड़ियों ने कुल 29 मेडल अपने नाम किया। जिला कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि यह प्रतियोगिता 26 और 27 जुलाई को स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम, कोटा, रायपुर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 8 से 10 अगस्त तक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कोरबा जिले के पदक विजेता खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक विजेता अक्षत सिंह, आर्या सेठी, पवन पांडेय, जैस्मिन कुर्रे, मिया अल्फाट, आयुष उरांव, धीरज बरेठ, अनीश खरे और अमन टोप्पो शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में गुंजन देवगन, अमृत नारायण पांडेय, पारस बंजारे, एकदा महन्त, स्वाति ओगरे, नेवान आर. पिले, प्रतीक अग्रवाल, आशुतोष पाठक और प्रतीक सक्सेना हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से लगभग 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिले से 27 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए। कोरबा लौटने पर ट्रेन स्टेशन पर संगठन के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के परिजनों ने उनका स्वागत किया। 18 वर्षीय खिलाड़ी मीना सिंह की मां ने बताया कि इस खेल से उनकी बेटी का आत्मविश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आजकल महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं को देखते हुए यह खेल बेहतर है और उनकी बेटी अब अपनी आत्मरक्षा कर सकती है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

# स्थानांतरण के बाद जॉइनिंग नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और लम्बित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने कहा। उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजना अंतर्गत अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड में शामिल सभी विभागों के योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने कम रैंकिंग वाले विभाग राजस्व, उद्योग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य, जिला पंचायत, श्रम और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करें।

बैठक में कलेक्टर अजीत वंसत ने अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड अंतर्गत समीक्षा करते हुए केपीआई में सुधार के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने ई डिस्ट्रिक्ट अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदन को अनावश्यक निरस्त व वापसी नहीं करने, समय सीमा के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने व्यवन्दन कार्ड के लिए छुटे हुए लोगों का आधार कार्ड बनाने और स्थान चिन्हित कर शिविर लगाने और डोर टू डोर संपर्क कर आधार अपडेशन के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के



बैठक में शामिल प्रशासनिक अधिकारी।

लिए सभी का आधार सीडिंग और डीबीटी के माध्यम से भुगतान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि वे विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ श्रमिकों और उनसे जुड़े परिवार के सदस्यों तक पहुचाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने शिविर लगाकर श्रमिकों के पंजीयन के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स में प्रगति लाने, जिला पंचायत को स्वच्छता सहित अन्य इंडिकेटर्स में उपलब्धि लाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और ओआइसी को भी समीक्षा के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम करमन्दी में वन अधिकार पट्टा वितरण की आई शिकायत के बाद हुई जाँच के आधार पर फर्जी पट्टा पर कार्यवाही के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि शासकीय जमीन की अफरातफरी संबंधित शिकायत वाले प्रकरणों में जाँच की कार्यवाही जल्दी की जानी चाहिए ताकि समय पर आवश्यक कार्यवाही हो सके। उन्होंने विभिन्न शासकीय भवनों के निर्माण में स्थल विवाद की समस्या को संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से समन्वय बनाकर समय पर निराकरण कर भवन निर्माण के निर्देश विभागों को दिए। कलेक्टर ने स्कूल,आंगनबाड़ी, छात्रावास में गैस सिलेंडरों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए गैस से ही भोजन पकाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को यह भी निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप सभी विभाग ई-ऑफिस में कार्य करते हुए फाइलों को आगे बढ़ाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411